1 7

1 -

1 -

SELF

16/09/2020

19 1 6

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज)~~प्रकरण सं0: 05/2020 अन्तर्गत धारा 136 भू-राजस्व अधिनियम, 1956~~~~नाहटा पिता राजेश रणा भील निवासी उदयगढ़ वसूनी, तहसील कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा(राज)~~बनाम~~भूमिधारी तहसीलदार कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज.)~~~~आदेश~~ दिनांक: 16.09.2020~~ प्रार्थी श्री नाहटा पिता राजेश रणा जाति भील निवासी उदयगढ़ वसुनी पटवार हल्का वसूनी तहसील कुशलगढ़ ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि तहसील कार्यालय रिकार्ड तथा अपने पिता की खाता नकल में पिता का नाम भुलवश सेबर पिता दलसिंग रणा दर्ज हो गया है, जो कि सही नहीं है। प्रार्थी एवं प्रार्थी के पिता के अन्य दस्तावेजों में राजेश पिता दलसिंग रणा दर्ज है, जो कि सही है। अतः तहसील कार्यालय रिकार्ड तथा खाता नकल में प्रार्थी ने सेबर पिता दलसिंग के स्थान पर राजेश पिता दलसिंग के नाम दर्ज करवाने का आदेश फरमावें। ~~ प्रकरण में भूमिधारी तहसीलदार कुशलगढ़ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी श्री नाहटा पिता राजेश निवासी उदयगढ़ वसूनी के पिता का वास्तविक नाम राजेश है जबकि खाता संख्या न. 20, 19 में सेबर पिता दलसिंग नाम दर्ज है। वास्तविक नाम की पुष्टि आधार कार्ड, राशन कार्ड मृत्यु प्रमाण पत्र व बैंक डायरी से होती है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं उनके पहचान पत्र के अनुसार राजस्व अभिलेख में नाम शुद्ध किया जाना उचित है।~~ प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ राजस्व अभिलेख एवं पहचान पत्रों की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई |~~प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न राजस्व अभिलेख, पटवारी पटवार हल्का वसूनी द्वारा प्रस्तुत विरासत प्रमाण पत्र, सरपंच वसूनी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार कुशलगढ़ की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तद्नुसार प्रार्थी द्वारा चाहा गया अनुतोष प्रदान किया जाना न्यायोचित है।~~अतः ग्राम काकनीया तहसील कुशलगढ़ की कृषि भूमि जमाबन्दी संवत् 2074-77 खाता संख्या 20 सर्वे नम्बर 217 रकबा 0.3076 है0 किस्म बरड़ी3, खसरा संख्या 218 रकबा 0.2509 किस्म बरड़ी2, खसरा संख्या 219 रकबा 0.4290 किस्म का.3, खसरा संख्या 274/215 रकबा 0.4047 किस्म बरड़ी3, खसरा संख्या 85 रकबा 0.4128 किस्म बरड़ी3 कुल किता 05 में सेबर पिता दलसींग की जगह राजेश पिता दलसींग दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। शेष खातेदारान् के इन्द्राज यथावत रहेंगे। ~~(विजयेश कुमार पण्ड्या)~उपखण्ड अधिकारी~कुशलगढ़~~~

7 -77 17 7

1 1 7 1

7 1

(VIJ YESH P NDY)

Signature Not Verified

Digitally signed by Vijayesh Kumar Pandya
Date: 2020.09.21 13:53:32 IST
Reason: SelfAttested